प्रादेशिक समाचार

दिनांक— 19.08.2025 (दोपहर—1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. एनडीए संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन का कराया परिचय, विपक्ष से भी मांगा समर्थन।
2. शराब घोटाला मामले में जेल में बंद वरीय आईएएस अधिकारी विनय चौबे को बड़ी राहत, एसीबी कोर्ट से मिली सशर्त जमानत।
3. ईडी ने साहिबगंज में दी दबिश, कबाड़ के व्यवसायी के ठिकाने पर छापेमारी, खंगाले जा रहे हैं दस्तावेज।
4. संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल सभी 22 भाषाओं में अनुवाद की सुविधा सदन में हुई बहाल, संथाली भाषा को भी किया गया शामिल।
5. रांची में 22 अगस्त से होगी राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता, राज्य के खेल मंत्री सुदिव्य कुमार करेंगे उद्घाटन।

**********************

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन—एनडीए संसदीय दल की बैठक आज नई दिल्ली में हुई। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सी पी राधाकृष्णन का परिचय कराया और उनका स्वागत किया। बैठक के बाद केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्ष सहित सभी सांसदों से श्री राधाकृष्णन को सर्वसम्मतति से चुनने की अपील की।

**********************

झारखंड शराब घोटाला मामले में जेल में बंद वरीय आईएएस अधिकारी विनय चौबे को बड़ी राहत मिली है। एसीबी कोर्ट ने विनय चौबे को सशर्त जमानत दे दी है। बेल पर रहने के दौरान उन्हें राज्य से बाहर जाने से पहले कोर्ट को सूचना देनी होगी। साथ ही ट्रायल के दौरान वे अपना मोबाइल नंबर भी नहीं बदल सकते हैं। एसीबी कोर्ट ने 25—25 हजार के दो निजी मुचलके भरने की शर्त भी रखी है।

**********************

प्रवर्तन निदेशालय —ईडी की टीम आज साहिबगंज में एक ठिकाने पर छापेमारी कर रही है। जानकारी के मुताबिक जीएसटी से जुड़े मामले को लेकर ईडी गोवा ब्रांच की टीम साहिबगंज के बंगाली टोला पहुंची है और कबाड़ का व्यवसाय करने वाले नवीन कुमार दास उर्फ बबलू कबाड़ी के ठिकाने पर दस्तावेज खंगाल रही है।

**********************

एनसीईआरटी की ओर से जारी नए शैक्षणिक मॉड्यूल में देश के बंटवारे को एक भीषण त्रासदी बताते हुए इसके लिए मोहम्मद अली जिन्ना, उस समय के गवर्नर जनरल लार्ड माउंटबेटन के साथ साथ कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया गया है। इस पर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने आरोप लगाया है कि भाजपा के इशारे पर इतिहास से छेड़छाड़ की जा रही है।

इस पर पलटवार करते हुए भाजपा ने कहा है कि अब तक कांग्रेस की ओर से देश बंटवारे से जुड़ी गलत जानकारियां दी जा रही थी। पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने कहा है कि अब इतिहास में हुई भूल को सुधारने का काम किया जा रहा है।

**********************

सदन में संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल सभी भाषाओं में अनुवाद की सुविधा उपलब्ध करा दी गयी है। इसकी घोषणा आज लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने की। उन्होंने बताया कि सदन की कार्यवाही अब इन सभी भाषाओं में उपलब्ध होगी, जिससे सभी सदस्यों को अपनी बात प्रभावी ढंग से रखने और कार्यवाही को समझने में आसानी होगी। अभी तक सदन में हिंदी और अंग्रेज़ी के अतिरिक्त असमिया, बंगाली, बोडो, डोगरी,

गुजराती, कन्नड़, मैथिली, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, उड़िया, पंजाबी, संस्कृत, सिंधी, तमिल, तेलुगु और उर्दू भाषाओं में अनुवाद की सुविधा प्रदान की जा रही थी। अब इसमें कश्मीरी, कोंकणी और संथाली भाषाओं को भी शामिल कर लिया गया है।

*********************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह के पिता और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पलामू के पूर्व विभाग संचालक ध्रुव नारायण सिंह का आज मेदिनीनगर के राजा हरिश्चंद्र घाट पर अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, भाजपा के प्रमंडलीय प्रभारी विकास प्रीतम, विधायक आलोक चौरसिया समेत कई हस्तियां शामिल हुई। मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने ध्रुव नारायण सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए इसे अपूरणीय क्षति बताया। गौरतलब है कि ध्रुव नारायण सिंह का कल निधन हो गया था।

*********************

आगामी वस्तु एवं सेवा कर –जीएसटी सुधारों को लेकर बाजार में उत्साह के बीच, भारतीय सूचकांक आज सकारात्मक रुख के साथ खुले। सुबह के सत्र में सेंसेक्स 279 अंक बढ़कर 81 हजार 553 पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 76 अंक बढ़कर 24 हजार 950 पर पहुंच गया।

*********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 92 हजार 5 सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 21 हजार रुपये प्रति किलो है।

*********************

बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव का असर झारखंड के मौसम पर देखने को मिलेगा। मौसम विभाग ने 21 अगस्त को 11 जिलों और 22 अगस्त को भी 9 जिलों में भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

*********************

खूंटी जिला हॉकी के क्षेत्र में एक नया आयाम गढ़ रहा है और यहां के खिलाड़ी देश–विदेश में अपना परचम लहरा रहे हैं।

*********************

रांची के होटवार स्थित खेलगांव में अंडर 23 सीनियर पुरुष फ्री स्टाइल, ग्रीको रोमन स्टाइल और महिला राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता 22 अगस्त से शुरु होगी। इसका उदघाटन राज्य के खेल मंत्री सुदिव्य कुमार करेंगे। उधर सिमडेगा में राष्ट्रीय खेल दिवस सह हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस पर सीनियर महिला– पुरुष हॉकी प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। यह प्रतियोगिता 29 अगस्त से 10 सितंबर तक चलेगी।

*********************